झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची (झारखंड)

द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

मॉडल प्रश्न-पत्र सेट- 1

कक्षा-10	विषय- हिंदी 'ए'	समय-1 घंटा 30 मिनट	पूर्णांक-40

सामान्य निर्देश :-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें।**
- **इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं। सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें।**
- **2 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 20 शब्दों में, 3 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में, 5 अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखें**

खंड-क (अपठित बोध)

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×3=6

मनोविज्ञान आज पूरी तरह से व्यवसाय बन चुका है। जीवन के हर क्षेत्र में मनोवैज्ञानिकों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। चिकित्सा, शिक्षा, खेल जगत और कॉर्पोरेट जगत के अतिरिक्त कई क्षेत्रों में मनोवैज्ञानिक कार्यरत हैं। मनोविज्ञान बुद्धि, अभिरुचियों, संवेगों और समूचे व्यक्तित्व को आँकने के लिए मापदंड बनाता है। इन्हें बनाने के लिए वैज्ञानिक विधियों से अनुसंधान किए जाते हैं, फिर इन मापदंडों की वैधता को भी सत्यापित करना पड़ता है। मनोविज्ञान पशुओं, पक्षियों के व्यवहार का भी विधिवत अध्ययन करता है। वह यह जानने की कोशिश करता है कि कबूतर को ही संचार का माध्यम क्यों बनाया गया, किसी और पक्षी को क्यों नहीं? इस तरह पशु-पक्षियों की विशिष्ट क्षमताओं का अध्ययन मनोविज्ञान की एक अलग शाखा के अंतर्गत किया जाता है। बच्चों की जिज्ञासाओं की अभियक्ति कविता में हो सकती है, जिज्ञासा का समाधान कहानी में मिल सकता है। बाल मनोवैज्ञानिक इन्हीं भावनाओं का, जिज्ञासाओं का, अंतर्द्वंद्वों और दुविधाओं का निरीक्षण और परीक्षण करते हैं। यदि बच्चों को कोई व्यावहारिक समस्या हो तो उनसे सलाह ली जा सकती है।

प्रश्न-1. मनोविज्ञान किसके लिए मापदंड बनाता है?

प्रश्न-2. बाल मनोवैज्ञानिक क्या करते हैं?

प्रश्न-3. इस गद्यांश का शीर्षक दीजिए।

खंड-ख (व्याकरण)

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 2×2=4

प्रश्न-4. रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :

(क) दिन ________________ ढल रहा था।

(ख) वह ______________ नहीं पढ़ता है।

अथवा

अव्यय की परिभाषा लिखें।

प्रश्न-5. 'दशानन' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखें।

अथवा

'चक्रधर' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखें।

खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

प्रश्न-6. छाया को छूने से कवि का क्या आशय है? वह छाया को छूने से क्यों मना करता है?

अथवा

'हर चन्द्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है'- इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-7. कन्यादान के समय माँ के दुख को प्रमाणिक क्यों कहा गया है?

प्रश्न-8. लेखक ने फादर बुल्के को 'मानवीय करुणा' की दिव्य चमक क्यों कहा है?

अथवा

लेखिका मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा?

प्रश्न-9. सुषिर वाद्य से क्या अभिप्राय है? शहनाई को सुषिर वाद्य में शाह की उपाधि क्यों दी गई होगी?

प्रश्न-10. जॉर्ज पंचम की लाट की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किये? 1×3=3

खंड-घ (रचना)

प्रश्न-11. अपने क्षेत्र में पार्क विकसित करने के लिए निगम अधिकारी को पत्र लिखिए। 1×5=5

अथवा

छात्रावास में रहने वाली अपनी बहन को समय का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 12. दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1×5=5

(क) कोविड से सुरक्षा : (संकेत बिंदु- कोविड क्या है?, सुरक्षा के उपाय, लापरवाही का नतीज़ा, निष्कर्ष)

(ख) सरहुल : (संकेत बिंदु- पर्व का परिचय, कैसे मनाया जाता है, क्यों मनाया जाता है, निष्कर्ष)

प्रश्न 13. स्वास्थ्यवर्धक पेय सामग्री बनाने वाली कंपनी की ओर से लगभग 50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए। 1×5=5

****